आईआईएम में एक्सपर्ट्स का जुटान स्टूडेंट्स को मिले सक्सेस के टिप्स

कार्यक्रम में शामिल एक्सपर्ट्स व अन्य.

एनुअल फेस्ट टेडेक्स में देशभर से आए एक्सपर्ट्स ने किया मोटिवेट

ranchi@inext.co.in

RANCHI (10 March) : इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट(आईआईएम) रांची के एनुअल फेस्ट टेडेक्स का आयोजन रविवार को किया गया, जहां देशभर से जुटे एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स को सक्सेस टिप्स दिए. डायरेक्टर प्रो शैलेंद्र सिंह ने कहा कि टेडेक्स में मोटिवेटर्स अपने अनुभवों को स्टूडेंट्स के साथ शेयर कर उनके करियर में अहम रोल निभा रहे हैं. रांची की रहनेवाली आइएएस अफसर हर्षिका सिंह ने कहा कि वह एक छोटे शहर से आनेवाली युवती थीं. दो एटेंप्ट में 2012 में यूपीएससी में आठवीं रैंक हासिल की. कहा कि लंदन स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स से एमए करने के बाद वह भारत लौटी और यूपीएसएसी में सफलता हासिल की.

फिटनेस है जरूरी

मास्टर शेफ 1 प्रतियोगिता की विजेता पंकज भदौरिया ने कहा कि भारतीयों को फिट और स्वस्थ रहने की दरकार है. इसके लिए उन्हें खाना बनाने की तकनीकी बारीकियों को जानना जरूरी है. कैसे खाना बनाया जाए. अधिक फ्राई करने की दिक्कतों की उन्होंने बताया. कहा कि खाने में स्वाद और उसकी गुणवत्ता बनाए रखना ही सबसे बड़ा हुनर है.

सेल्फ कान्फीडेंस

संयुक्त राष्ट्रसंघ मुख्यालय को संबोधित करने वाले सबसे युवा भारतीय राज शमानी ने कहा कि लोगों को यह मालूम नहीं रहता है कि वे कब और कैसे क्या करें. इसके लिए उनमें समझ नहीं होती है कि वे अच्छा काम कर सकते हैं. ऐसे में सेल्फ कान्फीडेंस बेहद जरूरी है. 25 वर्षीय युवा उद्यमी फरदान एसीडवाला ने कहा कि किसी भी व्यवसाय में एडवांटेज और डिसएडवांटेज दोनों जरूरी है. टेडेक्स को प्रतिभा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुप्रीयो सिन्हा ने भी संबोधित किया.

iNext, 11.03.2019, Pg. 4